As Per NEP

SPARK SCHOLARS SERIES

# भव्या बालगीत

## B



## OUR ADDRESSES IN INDIA


**Jalandhar City** : Near Sitla Mandir, Circular Road, Mai Hiran Gate, **Jalandhar**-144008
Ph.: (O) 0181-4606107, 08, 09, 7710711711
website : svineshonline.in
e-mail : sdineshandco@gmail.com

**New Delhi** : 4265, Gali No. 3, Mohalla Panjabian, Ansari Road, Darya Ganj, **Delhi**
Ph.: 011-23250628, 23250058
e-mail : sdineshdelhi@gmail.com

**Bengaluru** : No. 60, 2nd Main, 11th Cross, Vittal Nagar, **Bengaluru**
Ph.: 080-26755085
e-mail : sdineshbengaluru@rediffmail.com

**Ranchi** : South Samaj Street, Beside Srilok Complex, H.B. Road, Tharpakhana, **Ranchi-1**
Ph.: 0651-2211334
e-mail : sdineshandcoranchi@gmail.com

**Cochin** : 41/161, Ammankovil Road, Near KSRTC, **Ernakulam**-682035
Ph.: 0484-4851453
e-mail : sdineshcochin@gmail.com


## DISCLAIMER


The contents in this book have been obtained from sources believed to be authentic. However, neither the Publishers nor its authors guarantee the accuracy or completeness of any information published herein. It is notified that the publishers and its authors shall not be responsible for any errors, omissions or damage arising out of the use of the information contained in the book. This book has been published with the understanding that the publisher and its authors are just supplying information and not rendering professional services. For binding mistakes, misprints or missing pages in the book, the publishers responsibility is limited to replace the book by similar edition within one month of its purchase.



**Published by** : Vinesh Jain, Near Sitla Mandir, Circular Road, Mai Hiran Gate, Jalandhar-144008

**Printed at** : Maanglik Printers, Unit-S. Dinesh & Co., Ram Bagh, Transport Nagar, Jalandhar


## अनुक्रमणिका


| क्रम. सं. | कविता / कहानी | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अपना घर | 3 |
| 2. | भारत माता | 4 |
| 3. | बिजली | 5 |
| 4. | छतरी | 6 |
| 5. | छोटी-सी मोटर के अन्दर | 7 |
| 6. | दीवाली | 8 |
| 7. | फूल | 9 |
| 8. | गेंद | 10 |
| 9. | गर्मी | 11 |
| 10. | हाथी | 12 |
| 11. | कौआ और कोयल | 13 |
| 12. | लाल छाता | 14 |
| 13. | मैडम जी | 15 |
| 14. | चूहे का आत्मसमर्पण | 16 |
| 15. | मेरा बस्ता | 18 |
| 16. | मेरा घोड़ा | 19 |
| 17. | मेरी कलम | 20 |
| 18. | मोटे लाला | 21 |
| 19. | प्रार्थना | 22 |
| 20. | पतंग | 23 |
| 21. | सब्जियाँ बोलीं | 24 |
| 22. | सपने में परी | 25 |
| 23. | सवेरा | 26 |
| 24. | ताली बजाओ | 27 |
| 25. | तारे | 28 |
| 26. | टेलीफ़ोन | 29 |
| 27. | वीर सिपाही | 30 |
| 28. | नाना जी | 31 |
| 29. | चतुर खरगोश | 32 |

# अपना घर

एक चिड़िया के बच्चे चार,
घर से निकले पंख पसार।
पूरब से पश्चिम को जाएँ,
उत्तर से दक्षिण को आएँ।
घूम-घाम जब घर को आएँ,
मम्मी को एक बात बताएँ।
देख लिया हमने जग सारा,
अपना घर है सबसे प्यारा।



**Let Me Answer**

- आप अपने घर में क्या-क्या करते हैं?
- चिड़िया के कितने बच्चे थे?



# भारत माता

भारत माता तुम्हें प्रणाम,
जीना–मरना तेरे नाम।
सबसे ऊँची तेरी शान,
कभी झुके न तेरी आन।
हम सब हैं तेरी संतान,
रखेंगे हम तेरा मान।

**Let Me Answer**

- हम प्रणाम किसे करते हैं?
- हम किसका मान रखेंगे?





# बिजली

कहाँ गई है बिजली रानी,
उसको जरा बुलाओ तुम।
गर्मी में कहाँ जाती है ?
उसको डाँट लगाओ तुम।
बिन बिजली न पंखा चलता,
और न आता पानी है।
बिन बिजली है जीवन सूना,
कितनी अजब कहानी है।



**Let Me Answer**

- बिजली रानी कहाँ चली गई ?
- बिना बिजली के जीवन कैसा होता है ?

# छतरी

आसमान में चमकी बिजली,
मैं भी छतरी लेकर निकली।
काले-काले बादल आएँ,
चाहे जितना जल बरसाएँ।
धूप-ताप से मुझे बचाए,
छतरी मेरे मन को भाए।



**Let Me Answer**

- छतरी हमें किससे बचाती है?
- आकाश में चमकी बिजली के बाद बच्ची ने क्या निकाला?

# छोटी-सी मोटर के अन्दर

छोटी-सी मोटर के अन्दर,
आ बैठे ये भालू बन्दर।
कहते मोटर तेज़ चलाओ,
हमको ठंडी हवा खिलाओ।
चिंटू ने मोटर दौड़ाई,
भालू, बन्दर को सैर कराई।

**Let Me Answer**

- मोटर के अंदर कौन-कौन बैठा है ?
- मोटर चलाने पर बच्चों को क्या मिलता है ?



# दीवाली

घर को जगमग करते हैं,
जगमग दीप जलाते हैं।
बम, पटाखे छुड़ाते हैं,
खील, बताशे खाते हैं।
सबसे मिलने जाते हैं,
हम दीवाली मनाते हैं।

**Let Me Answer**

- दीवाली पर हम घर को कैसे सजाते हैं?
- दीवाली पर हम कौन-से पटाखे छुड़ाते हैं?



# फूल

फूलों का राजा लाल गुलाब,
महका देता सारा बाग।
सूरजमुखी खिले उस ओर,
सूरज निकले जिस ओर।
खिले केवड़ा और चमेली,
सुंदरता लाए अलबेली।



**Let Me Answer**

- फूलों का राजा कौन है?
- सूरजमुखी का फूल किस दिशा में खिलता है?

# गेंद

उछल-उछल कर आगे जाती,
सबको बहुत छकाती।
नीचे पटको ऊपर जाती,
चुपके-से छिप जाती।
पानी से भी नहीं डरती,
उस पर भी है खूब तैरती।
गोल-मटोल है वह प्यारी,
गेंद हमारी है न्यारी।

**Let Me Answer**

- गेंद पानी से क्यों नहीं डरती?
- गोल-मटोल गेंद किसे प्यारी है?



# गर्मी

गर्मी के दिन आते हैं,
हमको बहुत सताते हैं।
कहाँ खेलने जाएँ हम?
तेज धूप में निकले दम।
खेल का मैदान गरम,
लू को आती नहीं शर्म।
कहीं चैन न पाते हैं,
मन ही मन झुंझलाते हैं।





**Let Me Answer**

- गर्मी के दिन बच्चों को कैसे परेशान करते हैं ?
- गर्मी के दिनों में बच्चे क्या करने की सोचते हैं ?

# हाथी

हाथी राजा बहुत बड़े,
सूँड उठाकर कहाँ चले ?
मेरे घर भी आओ न,
हलवा पूरी खाओ न।
आओ बैठो कुर्सी पर,
कुर्सी बोली चटर-पटर।

**Let Me Answer**

- हाथी राजा को बच्चे ने क्या खिलाया ?
- हाथी राजा किस पर बैठकर आराम कर रहे हैं ?



# कौआ और कोयल

कौआ काला, कोयल काली,
पर कोयल की बात निराली।
कोयल मीठे गीत सुनाती,
इसीलिए है सबको भाती।
काँव-काँव कर शोर मचाते,
कौओं को सब दूर भगाते।



**Let Me Answer**

- कौए और कोयल में क्या अंतर है ?
- कोयल का गाना सबको क्यों भाता है ?



# लाल छाता

तेज हवा में उड़ा छूटकर,
लाल रंग का छाता।
अंग्रेज़ी मेम पकड़ने दौड़ी,
नहीं पकड़ में आता।
उछला बैल देखकर छाता,
पूँछ उठाकर भागा।
मेम गिरी छाता भी टूटा,
खूब कहकहा जागा।

**Let Me Answer**

- लाल छाता कैसे उड़ गया ?
- मेम ने क्या किया जब छाता उड़ गया ?

# मैडम जी

मैडम मैं बन जाऊँगी,
बच्चो तुम्हें पढ़ाऊँगी।
क ख ग घ,
च छ ज झ,
लिखना तुम्हें सिखाऊँगी।
जितने गीत मुझे हैं आते,
गाकर तुम्हें सुनाऊँगी।

**Let Me Answer**

- मैडम जी बच्चों को क्या सिखाती हैं ?
- मैडम जी किसके बारे में गाकर सुनाती हैं ?



# चूहे का आत्मसमर्पण









**Let Me Answer**

- चूहे ने आत्मसमर्पण क्यों किया?
- बिल्ली ने चूहे को क्या बताया?

# मेरा बस्ता

मुझ से भारी मेरा बस्ता,
करता मेरी हालत खस्ता।
इसे उठाकर चलना मुश्किल,
सभी पुस्तकें पढ़ना मुश्किल।
कोई टीचर को समझाए,
इसको कुछ हल्का करवाए।

**Let Me Answer**

- भारी बस्ते से बच्चे को क्या परेशानी होती है ?
- बस्ते को हल्का करने के लिए किससे मदद मांगी गई ?



# मेरा घोड़ा

मेरा घोड़ा बढ़ता जाए,
दौड़ में सबसे आगे आए।
और भी आगे बढ़ता चल,
चलता चल, बढ़ता चल।
हवा से बातें करता है,
तूफान से कब डरता है।
धूल उड़ाता, धूम मचाता,
कूद-फाँदकर नाचता-गाता।



**Let Me Answer**

- घोड़ा कैसे चलता है?
- घोड़ा किससे डरता नहीं है?

# मेरी कलम

मेरी कलम बड़ी ही नटखट,
करती रहती मुझसे खटपट।
कहता हूँ मैं लिखो सही,
पर वह सुनती बात नहीं।
गलती जब वह करती है,
डाँट मुझे ही पड़ती है।



**Let Me Answer**

- कलम किसकी बात नहीं सुनती है?
- कलम के गलती करने पर किसे डाँट पड़ती है?

# मोटे लाला

बिजली चमकी, बादल छाए,
छम-छम करती बारिश आई।
लाला ने जब दौड़ लगाई,
कुछ न दिया उसे दिखाई।
इतने में एक मोटर आई,
मोटे लाला से टकराई।
लाला का तो कुछ न बिगड़ा,
पर मोटर का बोनट पिचका।
अब तो होगी खूब लड़ाई,
अब लाला की शामत आई।



**Let Me Answer**

- मोटे लाला किससे टकराए?
- मोटे लाला से टकराने पर मोटर को क्या हुआ?

# प्रार्थना



मुझको शक्ति दो भगवान,
पढ़-लिखकर मैं बनूँ महान।
कभी किसी का बुरा न चाहूँ,
नए काम नित करता जाऊँ।
इस जग में पहचान बनूँ मैं,
भारत की इक शान बनूँ मैं।
मुझको शक्ति दो भगवान,
मेरा जीवन बने महान।



**Let Me Answer**

- भगवान से क्या शक्ति मांगी गई है?
- इस प्रार्थना में किसे महान बनाने की बात की गई है?



# पतंग

सर–सर, सर–सर उड़ी पतंग,
चिड़िया हुई देखकर दंग।
बिना पंख के उड़ती कैसे?
बिना पूँछ के मुड़ती कैसे?
चोंच बिना यह कैसे खाती,
बेचारी कुछ बोल न पाती।



**Let Me Answer**

- पतंग बिना पंख के कैसे उड़ती है?
- पतंग को उड़ता देख कौन दंग हुआ?

# सब्जियाँ बोलीं

आलू बोला मुझको खा लो,
मैं तुमको मोटा कर दूँगा।
पालक बोली मुझको खा लो,
मैं तुमको ताकत दूँगी।
गोभी, मटर, टमाटर बोले,
अगर हमें भी खाओगे,
खूब बड़े हो जाओगे।



**Let Me Answer**

- आलू क्या कहता है?
- गोभी और टमाटर ने खाने पर क्या कहा?

# सपने में परी

बिस्तर पर मैं सोया था,
सपनों में मैं खोया था।
एक परी उड़कर आई,
मुझे देखकर मुस्कुराई।
तरह-तरह के दे उपहार,
चली गई वो पंख पसार।



**Let Me Answer**

- बच्चा सपनों में किसे देखता है?
- परी बच्चा देखकर क्या करती है?

# सवेरा

सूरज निकला मिटा अंधेरा,
देखो बच्चों हुआ सवेरा।
आया मीठी हवा का फेरा,
चिड़ियों ने फिर छोड़ा बसेरा।
जागो बच्चों! अब मत सोओ,
इतना सुंदर समय न खोओ।

**Let Me Answer**

- सवेरा होने पर क्या हुआ?
- बच्चों को क्या करने के लिए कहा गया है?



# ताली बजाओ

खुश हो जाओ, ताली बजाओ,
अब थोड़ा-सा मुस्कुराओ।
खुश हो जाओ, कूद लगाओ,
अब थोड़ा-सा शोर मचाओ।
खुश हो जाओ, आँख मटकाओ,
नीचे झुक ताली चटकाओ।
खुश हो जाओ गर्दन, झटकाओ,
नाचो गाओ धूम मचाओ।

**Let Me Answer**

- खुश होकर क्या करना है?
- नाचने और गाने के साथ और क्या करना है?



# तारे

काली रात चमकते तारे,
कितने सुंदर, कितने प्यारे।
थिरक-थिरक कर नाच दिखाते,
मुझसे तो ये गिने न जाते।
पापा, मम्मी जल्दी आओ,
तारों की गिनती करवाओ।

**Let Me Answer**

- तारे रात में कैसे चमकते हैं?
- पापा-मम्मी क्या देखकर जल्दी घर आते हैं?



# टेलीफ़ोन

हेलो डॉक्टर! हेलो डॉक्टर!
पापा चले गए हैं दफ़्तर।
मेरी गुड़िया है बीमार,
कल से इसको तेज़ बुखार।
कृपया करें जल्दी आ जाएँ,
इस नन्ही की जान बचाएँ।

**Let Me Answer**

- बच्ची डॉक्टर से क्या कह रही है?
- गुड़िया के बीमार होने पर बच्ची क्या चाहती है?



# वीर सिपाही

माँ मुझे बंदूक मँगा दो,
मैं भी लड़ने जाऊँगा।
इन छोटे-छोटे हाथों से,
दुश्मन को मार भगाऊँगा।
भारत का वीर सिपाही बन,
मैं माँ के कष्ट मिटाऊँगा।



**Let Me Answer**

- बच्चा अपनी माँ से क्या मांग रहा है?
- बच्चा बड़ा होकर क्या बनना चाहता है?



# नाना जी

नाना जी के नकली दाँत,
लगते बिल्कुल असली दाँत।
नाना जी खाते हैं पान,
जब देखो तब खड़े दुकान।
सुबह-सुबह वह जगते हैं,
सबको अच्छे लगते हैं।

**Let Me Answer**

- नाना जी के दाँत कैसे हैं?
- नाना जी को क्या खाना अच्छा लगता है?

# चतुर खरगोश

किसी जंगल में एक दुष्ट शेर प्रतिदिन अनेक जंगली जानवरों को मारता रहता था। एक दिन सभी जानवरों ने शेर के साथ एक सभा की, जिसमें यह तय हुआ कि भोजन के रूप में शेर के पास प्रतिदिन एक जानवर को भेजा जाएगा। एक दिन चीकू खरगोश की बारी आने पर वह शेर के पास जान-बूझकर देर से पहुँचा। शेर द्वारा देरी का कारण पूछने पर उसने कुएँ पर दूसरे



ताकतवर शेर के मिलने का बहाना बनाया जो स्वयं को जंगल का राजा कह रहा था। दूसरे शेर की बात सुन दुष्ट शेर क्रोधित हो गया। शेर ने चीकू को उसके पास ले चलने के लिए कहा। चीकू ने कुएँ के पास ले जाकर कहा कि यही उस ताकतवर शेर का ठिकाना है। कुएँ में झाँकने पर शेर अपनी ही परछाई को दूसरा शेर समझ वह उसे ललकारने लगा और अपनी ही आवाज़ को दूसरे शेर की ललकार समझ वह उस कुएँ में कूद कर मर गया। इस प्रकार चतुर खरगोश ने अपने साथ-साथ सब जानवरों को बचा लिया।



**बच्चो! हमें मुश्किल में बिना घबराए बुद्धि से काम लेना चाहिए।**